IS 15700 : 2005
सेवोत्तम प्रमाणित

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

104, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ

Website : http://www.upavp.com; E-mail: upavp@sancharnet.in

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700
मानक पथप्रदर्शक Bureau of Indian Standards SQMS

आवश्यक सूचना

उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद द्वारा संचालित मण्डोला विहार योजना गाजियाबाद में वर्ष 2012 में खोले गये पंजीकरण आसरा–1, 2 एवं सपना–1, 2 एवं सिद्धार्थ विहार योजना गाजियाबाद में वर्ष 2013 (प्रथम व द्वितीय चरण) में पंजीकृत गंगा, यमुना एवं हिण्डन अपार्टमेन्ट के वैध पंजीकृत आवेदकों का नम्बरिंग ड्रा नीचे लिखे विवरण के अनुसार दिनांक 16.7.2014 से 19.7.2014 तक सेक्टर–16ए, कनवेन्शन सेन्टर वसुन्धरा गाजियाबाद में प्रातः 11.00 बजे से किया जाना प्रस्तावित है। योजना एवं तिथि का विवरण निम्नवत् है :–

क्र.सं.	योजना का नाम	सम्पत्ति का प्रकार	नम्बरिंग ड्रा की दिनांक
1.	मण्डोला विहार	आसरा टाईप–1	दि. 16.7.2014 एवं दि. 17.7.2014 तक
2.	तदैव	आसरा टाईप–2	दि. 18.7.2014
3.	तदैव	सपना टाईप–1	दि. 19.7.2014
4.	तदैव	सपना टाईप–2	दि. 19.7.2014
5.	सिद्धार्थ विहार	गंगा, यमुना एवं हिण्डन अपार्टमेन्ट–2013 (प्रथम एवं द्वितीय चरण)	दि. 19.7.2014

उक्त योजना के अन्तर्गत वैध पंजीकृत आवेदकों की सूची दिनांक 6.7.2014 तक परिषद वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी एवं एक प्रति कार्यालय परिसर में भी सूचना पटल पर प्रदर्शित की जायेगी। दिनांक 10.7.2014 तक पंजीकृत आवेदकों द्वारा ग्रुपिंग में भवन प्राप्त करने हेतु आवेदन किया जा सकता है, परन्तु ग्रुपिंग हेतु आवेदन पत्र केवल एक पंजीकरण चरण एवं एक पंजीकरण श्रेणी के अन्तर्गत ही दिया जा सकता है। ग्रुपिंग केवल परस्पर दो व्यक्तियों के मध्य ही दी जानी है। पंजीकृत विकलांग आवेदकों (पंजीकरण फार्म के साथ संलग्न प्रमाण पत्र के आधार पर) को शासन / परिषद नियमों के अनुसार भूतल पर वरीयता प्रदान की जायेगी। नम्बरिंग ड्रा स्थल पर चालान की चतुर्थ प्रति दिखाने के उपरान्त ही प्रवेश अनुमन्य होगा।

आवास आयुक्त